प्रबोध पाठ्यक्रम

PRABODH COURSE

किट : 7 - KIT : 7

पाठ : 44 से 46

LESSON: 44 TO 46

फरवरी - किट -February – KIT

सत्यमेव जयते

पत्राचार पाठ्यक्रम स्कंध (हिंदी)

CORRESPONDENCE COURSE WING (HINDI)

केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान

Central Hindi Training Institute

राजभाषा विभाग

Department of Official Language

गृह मंत्रालय

Ministry of Home Affairs

2-ए, पृथ्वीराज रोड, नई दिल्ली-110011

2-A, Prithviraj Road, New Delhi-110011

Email-adptracharchti-dol@nic.in

Phone No. 011-23017203

To download this Kit:

http://chti.rajbhasha.gov.in/?9600?21

किट संख्या/Kit No - 7

In this kit lesson No. 44, 45 & 46 are incorporated. Lesson No. 44 is a story in which present perfect tense and the helping verb 'चुक' is explained. In lesson No. 45 and 46 use of co-relative conjunctions are used.e.g. जब-तब, जहाँ-वहाँ, जितना-उतना आदि and comparison जैसे सबसे अधिक, सबसे कम।

पाठ - 44

In this lesson we shall learn the use of present perfect tense verb 'चुका है' and किया है। किया था. The story 'Hospitality' explains that if there is a peace in our home then prosperity and happiness will follow.

Cultural Note: In Indian mythology, knowledge, prosperity, glory and fortune is considered as form of Goddess such as Goddess of fortune, Goddess of prosperity and Goddess of peace.

1. **The verb** चुकना

Use of 'चुक' in the sense of completion of action

मैं यह फिल्म देख चुका हूँ I have already seen this film.

You will note that the main verb remains in its verb root form when सक and चुक are used.

यदि वाक्य में क्रिया विशेषण आता है तो किया था प्रयोग होता है।

मैंने पिछले महीने यह काम किया था। मैंने यह काम पूरा कर लिया है।

2. **Compound Verbs- Role of Intensifiers:** Compound verb in Hindi is a combination of two verbs denoting a single idea of these, the first is the main verb in its root form which denotes the action and the second component is the intensifier which does not convey an independent meaning. It only intensifies or modifies the meaning of the main verbs.

For Example:

1.	चोर भागा	-	ran
	चोर भाग गया	-	ran away
2.	गोल कीपर गिरा	-	fell
	गोल कीपर गिर पड़ा	-	fell down

ROLE OF INTENSIFIER: You will note that in भाग गया और गिर पड़ा, the second component i.e. गया and पड़ा do not convey the original meaning 'to go' and 'to lie down' instead, they only modify or intensify the meaning of the main verb भाग and गिर respectively. The system of compound verbs is peculiar to Hindi and some other Indian languages. The use of compound verbs is very frequent in Hindi. The intensifiers used in the compound verbs are limited in number e.g. जाना, लेना, देना, पड़ना, आना, उठना, बैठना etc. of these we shall take up here more frequent ones. जाना, पड़ना, लेना, देना, डालना। you will further note that in the compound verbs the main verb is always in the root form and it is the intensifier that undergoes a change and agree with the number ,gender and person of subject or object e.g.

लडक़ा गिर पड़ा।

लडक़ी गिर पड़ी।

जाना The verb when used as an intensifier generally denotes the sense of finality of an action.

1. दूध वाला आ गया। - The milkman has come.
2. जल्दी सो जाओ। - Go to bed early.
3. मेरे हाथ से सारी किताबें गिर गईं। - All the books fell down from my hand.
4. सब ठीक हो जाएगा। - Everything will be all right.
5. लडक़ियाँ ठीक समय पर थियेटर पहुँच गईं। - The girls reached the theatre in time.

I देना' and लेना: The intensifier 'लेना' suggests that the beneficiary of the action is the subject wherever the intensifier suggests 'देना' that the beneficiary of the action is someone else e.g.

1. एक कमीज खरीद लो - Purchase a shirt (for yourself)
   एक कमीज खरीद दो - Purchase a shirt (for me)
2. रमेश ने गेंद फेंक दी - Ramesh threw the ball.
   गोली ने उछलकर गेंद पकड़ ली - The goalkeeper jumped and caught the ball.
3. रामलाल ने अपनी कार बेच दी - Ramlal sold out his car.
   सोहनलाल ने उसे खरीद लिया - Sohanlal bought that car.
4. मुझे भूख लग रही है, मुझे कुछ खाने को दो। am feeling hungry, give me something to eat.
   बाहर जाते समय पंखे बंद कर दो - Switch off the fans when you go out.

II 'देना 'and' लेना' sometimes suggest the sense of finality

1. रामलाल ने अपना पुराना कोट उतार दिया और नया कोट पहन लिया।
   Ramlal took off his old coat and wore his new coat.
2. क्या तुमने गाड़ी की मरम्मत कर दी? Have you repaired the vehicle?

III पड़ना: - when 'पड़ना' is used as an intensifier, it generally conveys the sense of suddenness of the action denoted by the main verb.

1. राधा यह बुरी खबर सुनकर रो पड़ी। Radha burst into tears on hearing this sad news.
2. लडक़ा छत से गिर पड़ा। The boy fell down from the terrace

Negation in compound verbs-

Compound verbs are not generally used in simple negative sentences.

1. दूध वाला आ गया।
   दूध वाला नहीं आया ।
2. यह मकान खरीद लो।
   यह मकान मत खरीदो।
3. शीला को सौ रुपये दे दीजिए।
   रामलाल को कुछ न दीजिए।

मौखिक अभ्यास/ oral Exercise:--

स्थानापत्ति अभ्यास

1. गीता पत्र पढ़ चुकी है।
   (सौमित्र, श्रीमती केहर, श्री शर्मा)
2. हम "हेरा फेरी" फिल्म देख चुके हैं।
   (तुम लोग, शुभम और काशिफ, मीता और सोनम)
3. पिताजी खाना खा चुके हैं।
   (दादा जी, चाचा जी, वह, वे)
4. क्या आप कादम्बिनी का नया अंक पढ़ चुके हैं।
   (आज का अख़बार, इतिहास की किताब, उपन्यास, कहानी)
5. मैं आगरा देख चुका हूँ।
   (शिमला, मनाली, देहरादून, मसूरी)
6. श्रीमती दीपा खाना खा चुकी हैं।
   (जलेबी, आइसक्रीम, गोलगप्पे, चाट)
7. वे पहले स्कूटर चला चुके हैं।
   (साइकिल, मोटर साइकिल, बस, कार)

विलोम शब्द/Antonyms

पहले	x	बाद में	आदर	x	अनादर/निरादर
मुश्किल	x	आसान	भाग्य	x	दुर्भाग्य
शांति	x	अशांति			

पर्यायवाची शब्द/Synonyms

आतिथ्य	=	मेहमाननवाजी	भाग्य	=	किस्मत
निमंत्रण	=	बुलावा	समृद्धि	=	खुशहाली
बाकी	=	शेष			

व्याकरणिक रचना

पूर्ण वर्तमान काल

पुरुष	(पु0) एकवचन (स्त्री.)	(पु0) बहुवचन (स्त्री.)
उत्तम	मैं खाना खा चुका/चुकी हूँ।	हम खाना खा चुके/चुकी हैं।
मध्यम	तुम खाना खा चुके/चुकी हो।	आप खाना खा चुके/चुकी हैं। तुम लोग खाना खा चुके/चुकी हो। आप लोग खाना खा चुके/चुकी हैं।
अन्य	वह खाना खा चुका है/चुकी है। नवीन खाना खा चुका है। (पु0) रत्ना खाना खा चुकी है। (स्त्री0)	वे खाना खा चुके/चुकी हैं। अजय और सौरभ खाना खा चुके हैं।(पु0) दीपा और रत्ना खाना खा चुकी हैं। (स्त्री0) श्री गुप्ता खाना खा चुके हैं। (आदरार्थ बहुवचन) श्रीमती गुप्ता खाना खा चुकी हैं।(आदरार्थ बहुवचन)

नोट: 'सकर्मक या अकर्मक क्रिया' के साथ जब 'चुक' का प्रयोग होता है तब कर्ता के साथ 'ने' विभक्ति का प्रयोग नहीं होता।

रुपांतरण अभ्यास

नमूना : लीला ने पत्र पढ़ लिया है।
लीला पत्र पढ़ चुकी है।

1. हमने रामेश्वरम देख लिया है।

.....

2. निदेशक ने फाइल देख ली है।

.....

3. अवर सचिव ने टिप्पणी लिख ली है।

.....

4. गणेशन ने शादी कर ली है।

.....

Make sentences after changing the subjects given in the bracket)

नमूना : मैं आगरा देख चुका हूँ।
(हम, आप, वे, श्रीमती दीपा, तुम)

1. .....

2. .....

3. .....

4. .....

5. .....

आतिथ्य

चूक किया/किया था

रतनपुर गाँव में रामदीन पटेल का घर **मंदिर वाली सडक़**[1] पर है। रामदीन का एक बेटा है- किसन। पिछले साल रामदीन ने बेटे की शादी की है। **बहू**[2] सुशीला **गुणवती**[3] है। उसने जल्दी ही पूरा घर **सँभाल लिया**[4]। रामदीन दो साल पहले **सेवामुक्त**[5] हो चुके हैं। किसन की पक्की नौकरी नहीं लगी है। घर का खर्च[6] मुश्किल से[7] चलता है।

घर के सामने सडक़ पर नीम का एक पेड़ है। रास्ता चलने वाले पेड़ की **छाया**[8] में बैठकर आराम करते हैं और चले जाते हैं। एक दिन सुशीला ने देखा, तीन **महिलाएँ**[9] आकर बैठी हैं। दोपहर को वहाँ से बाकी लोग जा चुके हैं लेकिन महिलाएँ अब भी बैठी हैं। उन्होंने न कुछ खाया है, न पिया है। सुशीला ने यह बात अपनी सास को बताई। सास ने कहा, जाओ बेटी, उनसे **प्रार्थना**[10] करो कि हमारे घर **पधारकर**[11] भोजन करें।

सुशीला ने जाकर उनको **प्रणाम किया**[12] और घर आने का **निमंत्रण**[13] दिया। तीनों महिलाओं ने **आशीर्वाद**[14] दिया। उनमें से एक ने कहा - मैं भाग्यलक्ष्मी हूँ, ये समृद्धि हैं और ये शांति हैं। हम तीनों एक साथ नहीं चल सकतीं। किसी एक को तुम बुला सकती हो। घर में पूछ आओ कि हममें से कौन तुम्हारे घर आए।

सुशीला ने **सास**[15] को पूरा हाल बता दिया। रामदीन भी घर पर थे। तीनों विचार करने लगे, किसे बुलाएँ। रामदीन ने अपने **अनुभव**[16] से कहा-भाग्यलक्ष्मी को बुला लाओ। भाग्य से ही सब कुछ मिलता है। सास ने कहा-मेरे विचार में समृद्धि को बुलाना ठीक है। समृद्धि रहेगी तो **खुशहाली**[17] होगी।

सास-ससुर अपनी राय दे चुके तो बहू सुशीला बोली-मेरे विचार में हमें शांति को बुलाना चाहिए। घर में शांति रहेगी तो सुख और **समृद्धि**[18] भी आ जाएगी। रामदीन ने कहा-तुम्हारी बात ठीक लगती है। शांति को बुला लाओ।

सुशीला फिर तीनों महिलाओं के सामने खड़ी थी। उसने बड़े आदर के साथ शांति देवी को बुलाया। सुशीला का निमंत्रण सुनकर शांति देवी उठकर उसके पीछे चलने लगी। सुशीला ने मुडक़र देखा। उसे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि शांति के पीछे समृद्धि और भाग्यलक्ष्मी भी चली आ रही थीं। उसे बहुत पहले पढ़ी पंक्तियाँ याद आ गईं:-

गोधन गजधन वाजिधन और रतन धन खान।
जब आए संतोष धन, सब धन धूल समान।।[19]

नोट: संवाद : प्रशिक्षार्थी आपस में सुबह से उन्होंने क्या-क्या किया, इस संबंध में चर्चा करें।

शीला : तुमने सुबह क्या किया?
(बनाया, खाया, पकाया)

लता : मैंने सुबह नाश्ता बनाया। (बनाना)
(परांठा, सब्ज़ी, पूरी, दोसा)

शीला : उसके बाद क्या किया ?
(टी.वी. देखना किताब पढ़ना, आराम करना)

लता : उसके बाद बच्चों को तैयार किया। (तैयार करना)
(कपड़े धोना, सफाई करना, अख़बार पढ़ना)

स्थानापत्ति अभ्यास

1. आपने राधा को पत्र लिखा।
   (पिताजी, माताजी, दोस्त, गोपाल, शीला)
2. उसने बाज़ार से साड़ी खरीदी।
   (किताब, कलम, सब्ज़ी, घड़ी, कमीज़)
3. गोपाल ने दूध पिया।
   (लस्सी, चाय, रस, शर्बत, कॉफ़ी)
4. श्रीमती सुजाता ने किताब पढ़ी। (पढ़ना)
   (खरीदना, बेचना, लिखना, लेना, देना)

नमूने के अनुसार वाक्य बनाइए

नमूना : मेरी पत्नी ने चूडियाँ ..... । (खरीदना)
मेरी पत्नी ने चूडियाँ खरीदीं।

1. रमा ने मूर्ति ..... । (बनाना)
2. गोपाल ने रोटी.....। (खाना)
3. बच्चों ने किताब.....। (पढ़ना)

VOCABULARY: शब्दार्थ

1. the road on which temple is situated
2. daughter in law
3. virtuous
4. took charge
5. retired
6. expenses
7. with Difficulty
8. shade
9. ladies
10. pray/ request
11. pay a visit
12. saluted
13. invitation
14. blessings
15. mother in law
16. experience
17. prosperity
18. prosperity
19. cattle, elephant, horses and diamonds all these are like a dust when we have the wealth of satisfaction.

बोध प्रश्न -

1. रामदीन के बेटे का नाम क्या है?
2. रामदीन सेवामुक्त कब हुए?
3. किसन की नौकरी कैसी थी?
4. किसन की बहू कैसी है?
5. सुशीला ने जल्दी ही क्या किया?
6. रतनपुर में रामदीन का घर कहाँ है?
7. रामदीन के घर की हालत कैसी है?

पाठ - 45

In this lesson we will get the knowledge about different festivals. India is an agricultural country. People of different religions live here. Festivals of all the religions are celebrated with pomp and glory namely Diwali, Id and Christmas etc. The use of co-relative conjunctions like जब- तब, जहाँ - वहाँ, is explained in this lesson.

CULTURAL NOTE

Diwali, Holi, Sankranti are all the festival of Hindus. Id is main festival of Muslims. In this festival prayer is performed and people congratulate each other. Christmas and Good Friday are the festivals for Christians.

Co-relation जब- तब/तो 'when'

जब बारिश होने लगी तब सभी लोग अंदर चले गए।

जब बारिश होती है, तब मोर नाचते हैं।

तब-जब are Co-relatives like जो-वह ,The 'जब' clause is similar to 'when' clause in English. 'तो' can be used in place of 'तब'.

sometimes तब और तो is dropped e.g., जब मैं स्टेशन पहुँचा तो गाड़ी छूट चुकी थी। जब काम हो जाए, मुझे बुला लेना।

Co-relatives जहाँ-वहाँ 'where'

जहाँ मेरे मामा जी रहते हैं, वहाँ कोई दुकान नहीं है।

तुम जहाँ चाहो, वहाँ बैठ सकते हो।

जहाँ-वहाँ are Co-relatives like जब.तब, The जहाँ clause is similar to 'where clause' in English, 'वहाँ' sometimes can be dropped.

आप जहाँ जाएँ, वहाँ मुझे भी साथ ले जाएँ।

आप जहाँ जाएँ मुझे भी साथ ले जाएँ ।

वह जहाँ रहता है, वहाँ सभी चीजें सस्ती मिलती हैं।

वह जहाँ रहता है सभी चीजें सस्ती मिलती हैं।

मौखिक अभ्यास-

स्थानापत्ति अभ्यास

1. जहाँ मैं रहता हूँ, वहाँ पास में <u>मंदिर</u> है।
   (अस्पताल, स्कूल, दुकान, बस स्टॉप)
2. जहाँ गीता रहती है, वहीं पास में <u>मेरा घर</u> है।
   (अस्पताल, स्कूल, दुकान, बस स्टॉप)
3. मैं जब <u>घर</u> पहुँचा, तब पाँच बज रहे थे।
   (अस्पताल, स्कूल, दुकान, बस स्टॉप)
4. जो लडक़ा वहाँ बैठा है, वह मेरा <u>भाई</u> है।
   (बेटा, भतीजा, पड़ोसी, दोस्त, छात्र)

रुपांतरण अभ्यास

नमूना : अध्यापक अंदर आए। बच्चों ने "नमस्ते" कहा।

जब अध्यापक अंदर आए तब बच्चों ने "नमस्ते" कहा।

1. बारिश शुरू हुई। सब भागने लगे।
2. घंटी बजी। अध्यापक अंदर आए।
3. फिल्म खत्म हुई। सब बाहर निकले।

नमूना: हमारा घर स्टेशन के पास है।

जहाँ स्टेशन है, वहाँ पास में हमारा घर है।

1. हमारी दुकान बस स्टॉप के पीछे है।
2. मेरा स्कूल मंदिर के सामने है।
3. तुम्हारा घर अस्पताल से आगे है।

नमूना : मेरा दोस्त कुर्सी पर बैठा है।

जो कुर्सी पर बैठा है, वह मेरा दोस्त है।

1. मेरे भाई गाना गा रहे हैं।
2. मेंरी बहन स्टेज पर बैठी है।
3. आपकी माँ खाना बना रही हैं।

त्योहार/Festival

जब - तब,
जहाँ - वहाँ

भारतीय **संस्कृति**[1] में त्योहारों का बड़ा **महत्व**[2] है। भारत को कृषि प्रधान देश तथा त्योहार प्रधान देश कहा जाता है। यहाँ जब-जब कोई त्योहार आता है तब-तब लोग खुशियाँ मनाते हैं। त्योहार पर बच्चे बहुत खुश होते हैं, क्योंकि उन्हें उपहार मिलते हैं, नए कपड़े मिलते हैं, खाने को मिठाइयाँ मिलती हैं। सभी धर्मों के लोग त्योहार **मनाते**[3] हैं।

दीवाली हिंदुओं का त्योहार है। क्रिसमस को हम "बड़ा दिन" भी कहते हैं। यह ईसाइयों का बड़ा त्योहार है। ईद मुसलमानों का त्योहार है। यह एक धार्मिक त्योहार है।

कुछ त्योहार कृषि से संबंधित हैं जैसे संक्राति। जब **फसल कटती**[4] है तो किसानों का मन खुशी से भर उठता है। वे ही क्यों, सारे लोग खुशियाँ मनाते हैं, वे नए अनाज से **पकवान**[5] बनाते हैं और ईश्वर की प्रार्थना करते हैं। इसी तरह जब मौसम बदलता है तब भी लोग खुशियाँ मनाते हैं। होली इसी तरह का त्योहार है। जब जाड़े का मौसम खत्म हो जाता है और बसंत का मौसम शुरू होता है तब होली का त्योहार आता है। जहाँ ज्यादा ठंड नहीं पड़ती, वहाँ होली का त्योहार नहीं होता जैसे दक्षिण में।

त्योहार में लोग खुशियाँ मनाते हैं और खुशियाँ बाँटते हैं। लोग एक-दूसरे को त्योहार की **शुभकामनाएँ**[6] देते हैं, "मुबारक" कहते हैं। लोग एक-दूसरे को **उपहार**[7] देते हैं। जो अमीर हैं वे गरीबों को दान देते हैं। जो गरीब हैं, वे भी एक-दूसरे की **सहायता**[8] करते हैं। त्योहार का दिन **भाईचारे**[9] का दिन होता है। लोग त्योहारों पर शत्रुता[10] भूल[11] जाते हैं और प्यार का **व्यवहार**[12] करते हैं। जहाँ हिंदू, मुसलमान, सिख और ईसाई साथ रहते हैं, वहाँ एक-दूसरे की खुशी में **भाग लेते**[13] हैं।

त्योहार हमारे जीवन में **नवीनता**[14] लाते हैं। जब त्योहार आता है, लोग पुरानी चीजें हटा देते हैं। घर में नए कपड़े, नए बरतन आते हैं। जिस तरह नई चीजें आती हैं, उसी तरह मन में नया **उल्लास**[15] और नई **उमंगें**[16] आती हैं।

VOCABULARY: शब्दार्थ

1 culture
2 importance
3 to celebrate
4 crop is harvested
5 dishes
6 good wishes
7 gifts
8 help
9 brotherhood
10 enmity
11 forget
12 behavior
13 to take part/to participate
14 novelty
15 happiness
16 enthusiasm

मौखिक अभ्यास-

स्थानापत्ति अभ्यास

1. जहाँ मैं रहता हूँ वहाँ पास में <u>मंदिर</u> है।
   (अस्पताल, स्कूल, दुकान, बस स्टॉप)
2. जहाँ गीता रहती है, वहीं पास में मेरा <u>घर</u> है।
   (अस्पताल, स्कूल, दुकान, बस स्टॉप)

3. मैं जब घर पहुँचा, तब पाँच बज रहे थे।
(अस्पताल, स्कूल, दुकान बस स्टॉप)
4. जो लड़का वहाँ बैठा है, वह मेंरा भाई है।
(बेटा, भतीजा, पड़ोसी, दोस्त, छात्र)
5. जो लड़की गाना गा रही है, वह मेंरी बहन है।
(बेटा, भतीजा, पड़ोसी, दोस्त, छात्र)
6. आप जो किताब माँग रहे है, वह हमारे पास नहीं है।
(कमीज़, कपड़ा, छतरी, खिलौने, साड़ियाँ)
7. हमीदा जिस तरह बोलती है, उसी तरह लूसी भी बोलती है। (बोलना)
(लिखना गाना, काम करना, बात करना)

रूपांतरण अभ्यासः-

नमूना- अध्यापक अंदर आए। बच्चों ने नमस्ते की।
जब अध्यापक अंदर आए तब बच्चों ने नमस्ते की।

1. बारिश शुरु हुई। सब भागने लगे।
2. घंटी बजी। अध्यापक अंदर आए।
3. फिल्म खत्म हुई। सब बाहर निकले।

नमूना- हमारा घर स्टेशन के पास है।
जहाँ स्टेशन है, वहाँ पास में हमारा घर है ।

1. हमारी दुकान बस स्टॉप के पीछे है।
2. मेंरा स्कूल मंदिर के सामने है।
3. तुम्हारा घर अस्पताल से आगे है।

नमूना- मेंरा दोस्त कुर्सी पर बैठा है।
जो कुर्सी पर बैठा है, वह मेंरा दोस्त है।

1. मेरे भाई गाना गा रहे हैं।
2. तुम्हारी बहन स्टेज पर बैठी है।
3. आपकी माँ खाना बना रही हैं।

संवाद - निम्नलिखित स्थितियों पर बातचीत करें-

(क) जब बुखार आता है, जब बच्चा रोता है, जब बारिश होती है, जब बिजली चली जाती है।
(ख) अपने घर में त्योहार के बारे में आपस में बातचीत कीजिए।

प्रश्नोत्तर अभ्यास

नमूना : क्या आपने लस्सी पी ली है?
जी हाँ, मैं लस्सी पी चुका हूँ।
जी नहीं, मैंने लस्सी नहीं पी।

1. क्या सारे कर्मचारी आ गए हैं?
2. क्या खान साहब ने नया पाठ बना लिया है?

3. क्या अवर सचिव ने मसौदा देख लिया है?
4. क्या नौकर ने खाना खा लिया है?
5. क्या धोबी ने कपड़े धो लिए हैं?

संवाद

अध्यापक प्रशिक्षार्थी से उसकी पिछली यात्रा के संबंध में बातचीत करें। प्रशिक्षार्थी ने कहाँ की यात्रा की, क्या-क्या देखा, क्या इसके पहले भी यह स्थान घूम चुका है, कितने साल पहले गया था आदि।

बोध प्रश्न

1. हिंदुओं का कौन सा त्योहार है?
2. मुसलमानों का बड़ा त्योहार कौन-सा है?
3. क्रिसमस का दूसरा नाम क्या है?
4. त्योहार पर बच्चे क्यों खुश होते हैं?
5. हम त्योहार में खुशियाँ कैसे बाँटते हैं?
6. कृषि संबंध एक त्योहार का नाम बताइए।

भारत देश

In this lesson we will learn about the geographical situations of India. It is a vast country. In North, Himalaya Mountain is situated, in east there is Bay of Bengal, in South, Indian ocean and in West, Arabian sea is situated. There are 29 states and 7 union territories in this land. There are many rivers namely Ganga, Yamuna, Godavari, Kaveri etc. people speak different languages and profess the climatic conditions are also different here. There is cold in North India in Dec. and Jan. But people feel hot in southern part. Rama Gundam in Andhra Pradesh is the hottest place. People wear different clothes and eat a variety of foods. Therefore, it is said that there is unity in diversity in India. In this lesson we will come to know about comparison संज्ञा + से बड़ा, सबसे बड़ा.

GRAMATICAL NOTE: - Comparison संज्ञा + से ज्यादा, सबसे ज्यादा, राम श्याम से बड़ा है। श्याम राम से छोटा है। राम, श्याम और रहीम में रहीम सबसे छोटा है, राम सबसे बड़ा है। राम अपनी कक्षा में सबसे बड़ा है।

स्थानापत्ति अभ्यास

1. राम उम्र में सबसे बड़ा है। (गीता, वह, रमेश)
2. रतन कक्षा में सबसे छोटा है। (परिवार में, दफ़्तर में, घर में, भाईयों में
3. गंगा गोदावरी से बड़ी नदी है। (यमुना, नर्मदा, ताप्ती)
4. राजस्थान गोवा से बड़ा प्रदेश है। (हिमाचल, पंजाब, केरल)
5. तमिलनाडु में कश्मीर की तरह ठंड नहीं पड़ती। (केरल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक)
6. महाराष्ट्र में दिल्ली से ज्यादा बारिश होती है। (उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब)
7. आंध्र प्रदेश में केरल से अधिक गर्मी पड़ती है। (पं. बंगाल, गुजरात, हिमाचल प्रदेश)

भारत देश

भारत एक **विशाल**[1] देश है। यह एक **प्रायद्वीप**[2] है। इसके तीन ओर **समुद्र**[3] है, उत्तर की तरफ हिमालय पर्वत है। भारत के पूर्व में बंगाल की **खाड़ी**[4] है, दक्षिण में हिंद महासागर है और पश्चिम में अरब **सागर**[5] है।

भारत के पड़ोस में कई देश हैं। पश्चिम में पाकिस्तान है, पूर्व में बंगला देश है, उत्तर में चीन, नेपाल और भूटान हैं। पूर्व में म्यांमार (बर्मा देश) भी भारत की सीमा पर है। दक्षिण में हिंद **महासागर**[6] में श्रीलंका है।

भारत एक बहुत बड़ा देश है। **इसमें**[7] राज्य हैं और सात केंद्र शासित प्रदेश हैं। ये केंद्र शासित प्रदेश हैं चंडीगढ़, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप आदि। दिल्ली भारत की राजधानी है। उत्तर में उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब आदि राज्य हैं, पश्चिम में महाराष्ट्र, गुजरात आदि राज्य हैं, पूर्व में असम, पश्चिम बंगाल आदि राज्य हैं और दक्षिण में तमिलनाडु, केरल आदि राज्य हैं। भारत में क्षेत्र की दृष्टि से राजस्थान सबसे बड़ा राज्य है। इसका **क्षेत्रफल**[8] 342239 **वर्ग किलोमीटर**[9] है। गोवा सबसे छोटा राज्य है। इसका क्षेत्रफल 3702 व.कि.मी. है। आबादी की दृष्टि से उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा राज्य है। 2001 में इसकी आबादी 16.61 करोड़ थी। सिक्किम की आबादी सबसे कम है, 5.40 लाख। भारत दुनिया के देशों में आबादी में दूसरे स्थान पर है।

भारत में कई नदियाँ हैं। गंगा, यमुना उत्तर की बड़ी नदियाँ हैं। मध्य में नर्मदा, ताप्ती बड़ी नदियाँ हैं। गोदावरी, कृष्णा, तुंगभद्रा, कावेरी, दक्षिण की बड़ी नदियाँ हैं। गंगा भारत की सबसे बड़ी और सबसे लंबी नदी है। यह हिमालय से निकलती है और उत्तर प्रदेश, बिहार होते हुए पश्चिम बंगाल में बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

भारत में लोग कई भाषाएँ बोलते हैं। यहाँ लगभग 650 भाषाएँ हैं। इनमें 20-25 भाषाएँ प्रमुख हैं। सबसे ज्यादा लोग हिंदी भाषा बोलते हैं। बहुत लोग हिंदी भाषा जानते हैं। भारत में कई धर्मों के लोग रहते हैं। यहाँ हिंदू, बौद्ध, सिख, ईसाई, मुस्लिम, पारसी कई धर्म हैं।

भारत में सब जगह मौसम की स्थिति भी अलग-अलग है। जैसे-जैसे हम उत्तर भारत से दक्षिण भारत की तरफ जाते हैं वैसे-वैसे मौसम भी बदलता जाता है। उत्तर भारत में दिसंबर-जनवरी में बहुत ठंड पड़ती है। हिमाचल प्रदेश, कश्मीर, आदि प्रदेशों में बर्फ पड़ती है। दक्षिण में ठंड नहीं होती। भारत में चेरापूंजी (मेघालय) आदि स्थानों में सबसे अधिक **वर्षा**[10] होती है। राजस्थान में सबसे कम बारिश होती है। उत्तर भारत में मई-जून में बहुत गर्मी पड़ती है। चेन्नै, मुंबई, कोलकाता में दिन में समुद्र से ठंडी हवा आती है। इसलिए यहाँ ज्यादा गर्मी नहीं पड़ती। आंध्र प्रदेश में रामागुंडम भारत का सबसे गर्म स्थान है।

भारत **विविधता**[11] का देश है। भारत में जितने **विविध**[12] धर्म हैं उतनी ही विविध भाषाएँ एवं **संस्कृतियाँ**[13] हैं। **पोशाकें**[14] विविध हैं, **खान-पान**[15] में विविधता है। पि र भी देश एक है, लोगों में एकता है। इसीलिए कहते हैं कि भारत में अनेकता में **एकता**[16] है।

VOCABULARY: शब्दार्थ

1. Large
2. Peninsular
3. Sea
4. Bay of Bengal
5. Arabian Sea
6. Ocean
7. Region
8. Area (measured)

9. Square km
10. Rain
11. Variety
12. Various
13. Culture
14. Dress
15. (the style of) food
16. Unity
17. Diversity

मौखिक अभ्यास- स्थानापत्ति अभ्यास

1. <u>राम</u> उम्र में सबसे बड़ा है। (गीता, वह, रमेश)
2. रतन <u>कक्षा</u> में सबसे छोटा है। (परिवार में, घर में, भाइयों में)
3. गंगा <u>गोदावरी</u> से बड़ी नदी है। (यमुना, नर्मदा, ताप्ती)

Writing Practice/ लिखित अभ्यास

अभ्यास- 1. Transform as per the model:

नमूना : राम श्याम से बड़ा है।
श्याम राम से छोटा है।

1. उत्तर प्रदेश आबादी में राजस्थान से बड़ा है। (बड़ा - छोटा)
2. मेरी गाड़ी तुम्हारी गाड़ी से नई है। (नई - पुरानी)
3. कश्मीर में नागपुर से ज्यादा ठंड पड़ती है। (ठंड - गर्मी)
4. भारत में तमिल भाषियों से ज्यादा हिंदी बोलने वाले हैं। (ज्यादा - कम)
5. एवरेस्ट कंचन जंगा से ऊँची चोटी है। (ऊँची - छोटी)

अभ्यास- 2. Answer the question/प्रश्नोत्तर अभ्यास

1. दुनिया का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?
2. भारत की सबसे बड़ी मस्जिद कौन-सी है और कहाँ है?
3. समुद्र में सबसे बड़ा प्राणी कौन-सा है?
4. पृथ्वी पर सबसे बड़ा प्राणी कौन -सा है?
5. संसार में सबसे ज्यादा ठंड कहाँ होती है?
6. भारत में किस धर्म के लोग सबसे ज्यादा हैं?

अभ्यास 3. Answer both in the affirmative and negative.

नमूना : क्या आपने लस्सी पी ली है?
जी हाँ, मैं लस्सी पी चुका हूँ।
जी नहीं, मैंने लस्सी नहीं पी।

1. क्या सारे कर्मचारी आ गए हैं?
2. क्या खान साहब ने नया पाठ बना लिया है?
3. क्या अवर सचिव ने मसौदा देख लिया है?
4. क्या नौकर ने खाना बना लिया है?
5. क्या धोबी ने कपड़े धो लिए हैं?

बोध प्रश्न

1. भारत की सबसे बड़ी नदी कौन-सी है?
2. भारत में किस प्रदेश की आबादी सबसे अधिक है?
3. भारत में किस प्रदेश की आबादी सबसे कम है?
4. भारत में कहाँ सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है?
5. भारत में सबसे ज्यादा लोग कौन-सी भाषा जानते और बोलते हैं?

RECAPITULATION

1. In this kit which comprises comprising 3 lessons, you have learned the use of किया है/था which is similar to the English verbs has done/had done. Just remember that the verbs are past transitive and need the postposition with the subject.

मैंने आगरा शहर देखा है।

हमने पिछले साल एक नई कार ली थी।

2. You learned the relative clause construction जब and जहाँ।

जब बारिश होती है, पेड़ हरे हो जाते हैं।

जहाँ मेरा घर है, वहीं पास में एक मंदिर है।

3. You have learned the use of the intensifier verb ले लेना to do things for our self-take up कर देना to do things for others-give away निकल जाना go away etc.

A precise translation is difficult you may see the similarity with the English prepositional verbs. Better if you pay attention to its use in contexts.

4. चुक is a unique verb and a proper replacement for the intensifier. It is considered to be a completive aspect verb ने is not used with चुक।

5. Both चुक and intensifiers do not occur with नहीं।

You may now see the answers to the comprehensive questions and exercises to assess your progress.

बोध प्रश्नों के उत्तर/Answers to the comprehensive Questions

पाठ-44

1. रामदीन के बेटे का नाम किसन है।
2. रामदीन दो साल पहले सेवामुक्त हुए।
3. किसन की नौकरी पक्की नहीं थी।
4. किसन की बहू गुणवती है।
5. सुशीला ने सारा हाल सास को बताया।
6. रतनपुर गाँव में रामदीन का घर मंदिर वाली सडक़ पर है।
7. रामदीन के घर की हालत ठीक नहीं है।

पाठ-45

1. दीवाली हिन्दुओं का त्योहार है।
2. मुसलमानों का बड़ा त्योहार ईद है।
3. क्रिसमस को बड़ा दिन भी कहते हैं।
4. त्योहार पर बच्चों को उपहार मिलते हैं, नए कपड़े मिलते हैं, खाने को मिठाइयाँ मिलती हैं, इसलिए खुश होते हैं।
5. लोग एक-दूसरे को त्योहार की शुभकामनाएँ देते हैं, 'मुबारक' कहते हैं, लोग एक-दूसरे को उपहार देते हैं, जो अमीर हैं वे गरीबों को दान देते हैं। जो गरीब हैं, वे भी एक दूसरे की सहायता करते हैं।

6. होली को कृषि संबंधी त्योहार माना जाता है।

पाठ-46

1. भारत की सबसे बड़ी नदी गंगा है।
2. भारत में उत्तर प्रदेश की आबादी सबसे अधिक है।
3. भारत में सिक्किम की आबादी सबसे कम है।
4. भारत में रामगुंडम में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है।
5. भारत में सबसे ज्यादा लोग हिंदी भाषा जानते हैं और बोलते हैं।

अभ्यासों के उत्तर/Answer to the Exercises

Exercise 1

1. राजस्थान आबादी में उत्तर प्रदेश से छोटा है।
2. तुम्हारी गाड़ी मेरी गाड़ी से पुरानी है।
3. नागपुर में कश्मीर से ज्यादा गर्मी पड़ती है।
4. भारत में हिंदी बोलने वाले तमिल भाषियों से ज्यादा हैं।
5. कंचनजंगा एवरेस्ट से छोटी चोटी है।

Exercise 2

1. दुनिया का सबसे बड़ा देश चीन है।
2. जामा मस्जिद नई दिल्ली में है।
3. व्हेल समुद्र का सबसे बड़ा प्राणी है।
4. डायनासोर
5. संसार में सबसे ज्यादा ठंड अंटार्कटिका पर होती है।
6. भारत में हिंदू धर्म के लोग सर्वाधिक हैं।

Exercise 3

1. जी हाँ, सारे कर्मचारी आ चुके हैं।
   जी नहीं, सारे कर्मचारी नहीं आए।
2. जी हाँ, खान साहब नया पाठ बना चुके हैं।
   जी नहीं, खान साहब ने नया पाठ नहीं बनाया।
3. जी हाँ, अवर सचिव मसौदा देख चुके हैं।
   जी नहीं, अवर सचिव ने मसौदा नहीं देखा।
4. जी हाँ, नौकर खाना बना चुका है।
   जी नहीं, नौकर ने खाना नहीं बनाया।
5. जी हाँ, धोबी कपड़े धो चुका है।
   जी नहीं, धोबी ने कपड़े नहीं धोए।